प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा, सरकार के हर फैसले के केंद्र में राष्ट्र है पहले, स्वदेशी प्रतिभा और रोजगार में वृद्धि है आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य।
2. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार जोरों पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 मई को दुमका में करेंगे चुनावी जनसभा को सम्बोधित।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडी गठबंधन पर आरक्षण के मामले में देश को गुमराह करने का लगाया आरोप, कहा–चलती रहेगी आरक्षण की व्यवस्था।
4. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गोड्डा में कहा–भविष्य तय करेगा यह चुनाव, जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन ने सरकार बनने पर महिलाओं को 8,700 रुपए प्रति माह दिए जाने का किया वादा।

5. भारत ने एफ आई एच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अर्जेंटीना को चार के मुकाबले पांच गोल से किया पराजित।

**************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य स्वदेशी प्रतिभा और रोजगार में वृद्धि को बढ़ावा देना है। श्री मोदी ने एक समाचार एजेंसी को दिये गये साक्षात्कार में कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–डीबीटी के जरिये लोगों को अड़तीस लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि भेजी गयी। उन्होंने एजेंसियों की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य कतई बरदाश्त न करने की नीति पर आधारित है और साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करना है न की धारणा के अनुसार चलना। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के हर फैसले के केंद्र में राष्ट्र प्रथम है।

**************

राज्य में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार चरम पर है। राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। इस चरण में पहली जून को संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। गोड्डा, दुमका और राजमहल संसदीय क्षेत्र में एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी जनसभाएं कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दुमका में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यहाँ से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया है। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। गोड्डा से भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे और राजमहल सीट से ताला मरांडी उम्मीदवार हैं। वहीं, कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इंडी गठबंधन की तरफ से गोड्डा संसदीय क्षेत्र से प्रदीप यादव, राजमहल से विजय हांसदा और दुमका से नलिन सोरेन चुनावी मैदान में हैं।

**************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडी गठबंधन पर आरक्षण के मामले में देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री सिंह आज राजमहल संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के उम्मीदवार ताला मरांडी के पक्ष में एक सार्वजनिक रैली में बोल रहे थे। श्री सिंह ने दोहराया कि आरक्षण की जो प्रक्रिया अब तक चली आ रही है, वह जारी रहेगी। राजनाथ सिंह को साहेबगंज जिले के उधवा प्रखंड में चुनावी सभा को संबोधित करना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर नहीं उतर सका, जिसके बाद उन्होंने मोबाइल फोन के जरिये आम लोगों को संबोधित किया।

**************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि लोकसभा का यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। श्री मुंडा आज दुमका में भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर जहां देश लगातार प्रगति कर रहा है वहीं विपक्ष के नेताओं के यहाँ से करोड़ों रुपए बरामद हो रहे हैं। श्री मुंडा ने कांग्रेस और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पर खनिज सम्पदा को लूटने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना सोरेन ने कहा है कि देश में अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनती है तो महिलाओं को आठ हजार सात सौ रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। इसके साथ ही मुफ्त दिए जाने वाले अनाज की मात्रा भी बढ़ाई जाएगी। श्रीमती सोरेन आज गोड्डा में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप यादव के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रही थी।

**************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन–जिन जगहों पर चुनावी सभाएं की हैं, वहां इंडिया गठबंधन की स्थिति मजबूत हो गयी है। आज देवघर में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के भाषणों में महंगाई और बेरोजगारी का कहीं जिक्र नहीं रहता है।

**************

पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत सरकार की महारत्न कंपनी इंडियन ऑयल ने भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली अत्याधुनिक बस प्रदान की हैं। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय और इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस एम वैद्य की मौजूदगी में इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आज आयोजित एक कार्यक्रम में इससे संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस पहल का उद्देश्य भारी वाहनों में हाइड्रोजन और बैटरी आधारित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना है।

**************

खूंटी जिले के रात कर्रा प्रखंड स्थित पदमपुर, छाता और अन्य स्थलों में जिला प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू का परिवहन करते पांच वाहनों को जब्त किया है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि वाहन मालिकों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**************

पलामू जिले के शहर थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या उनचालीस पर आज एक यात्री बस और हाइवा की टक्कर में चालक समेत बारह यात्री जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, एमआरएमसीएच में किया जा रहा है। डॉक्टरों बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

***************

रांची के बुंडू थाना क्षेत्र स्थित ताऊ मोड़ के पास से पुलिस ने तीन किलो छह सौ ग्राम अफीम और चालीस हजार रुपये के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक हजारीबाग जिले के बड़कागांव इलाके का रहने वाला है, जो अफीम की तस्करी किया करता था।

***************

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्त्रां सह बार में बीती रात अपराधियों ने डिस्क जॉकी, डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से पहले इन लोगों का रेस्त्रां में विवाद हुआ था। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को हथियार के साथ गया जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने आज देवघर सिविल कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी उद्घाटन किया।

***************

जमशेदपुर के कदमा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बारह वर्ष से ऊपर के बच्चों के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में बच्चों को योग, ध्यान और माइंडसेट गेम आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

***************

बेल्जियम के एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में भारत ने अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना को चार के मुकाबले पांच गोल से हरा दिया है। भारत का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।

***************

रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची जिला वूडबॉल संघ की ओर से आज एकदिवसीय स्वर्गीय देवराज उरांव मेमोरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर बंटी टोप्पो रहे, जबकि बालिका वर्ग में नेहा कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया।

*******समाप्त*******